रजिस्ट्री सं० डी--(डीएन)-128 REGISTERED NO. D--(DN)-128

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 8] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 20, 1988 (फाल्गुन 1, 1909)
No. 8] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 20, 1988 (PHALGUNA 1, 1909)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1--रक्षा मंत्रालय को छोड़कर भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं . . .	155
भाग I--खण्ड 2--(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . .	221
भाग I--खण्ड 3--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	*
भाग I--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों, आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	213
भाग II--खण्ड 1--अधिनियम, अध्यादेश और विनियम .	*
भाग II--खण्ड 1-क--अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ .	*
भाग II--खण्ड 2--विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट . .	*
भाग II—खण्ड 3--उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं) . . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (ii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . . .	*
भाग II--खण्ड 3--उप-खण्ड (iii)--भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) .	*
भाग II--खण्ड 4--रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश .	*
भाग III--खण्ड 1--उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	187
भाग III - खण्ड 2--पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . .	113
भाग III--खण्ड 3--मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III--खण्ड 4--विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	365
भाग IV--गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	25
भाग V--अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	—

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई है।

CONTENTS

	PAGES
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	155
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	221
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	*
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	213
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence . .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	187
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	113
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	365
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	25
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi .	—

*Folio No. not received

भाग I—खण्ड 1
[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 8 फरवरी, 1988

सं० 11 प्रेज/88—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्ति को "सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

श्री गजेन्द्र सिंह, (मरणोपरान्त)
ग्राम सिरवाड़ी, पट्टी खालियाग,
बाणगोर, तहसील देव प्रयाग,
टिहरी गढ़वाल (उत्तर प्रदेश)।

17/18 जुलाई, 1986 की रात को उत्तर प्रदेश के जिला टिहरी गढ़वाल में सिरवाड़ी गांव में भारी वर्षा और बादल फटने से 13 व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। श्री गजेन्द्र सिंह ने, पानी की तेज धारा में बहते हुए 23 व्यक्तियों की जान बचाई और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले आए तथा कुछ और व्यक्तियों की जान बचाने के प्रयास में, उन्हें स्वयं अपना जीवन गंवाना पड़ा।

श्री गजेन्द्र सिंह ने 23 व्यक्तियों की प्राण रक्षा में असाधारण एवं अनुकरणीय साहस तथा तत्परता का परिचय दिया और अनेक अन्य व्यक्तियों को मौत के चंगुल से बचाने के प्रयास में अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिये।

सं० 12 प्रेज/88—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. श्री मलकियत सिंह, (मरणोपरान्त)
ग्राम एवं डाकघर रुड़की खास,
तहसील गढ़ शंकर,
जिला होशियारपुर (पंजाब)।

16 फरवरी, 1987 को, टैगोर मॉडल स्कूल, कोठी रोड, नवाँशहर के साथ सटे हुए मकान का एक हिस्सा गिर गया और उसका मलबा खुले अहाते में बैठे विद्यार्थियों के ऊपर आ गिरा। श्री मलकियत सिंह, जो उस समय एक कक्षा में पढ़ा रहे थे, तुरन्त हरकत में आये और इससे पहले कि उस पत्थर की इमारत का भारी टुकड़ा उन पर गिरता, जिसने घटनास्थल पर ही उनकी जान ले ली, उन्होंने 9 बच्चों को बचा लिया।

श्री मलकियत सिंह ने अपने अमूल्य जीवन को दाव पर लगाकर 9 बच्चों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री प्रेम सिंह,
ग्राम मनकोली,
डाकघर पट्टी, अलगाड़ा,
तहसील डीडी हाट,
जिला पिथौरागढ़ (उत्तर प्रदेश)।

7 जून, 1986 को, सात बालिकायें, जो जंगल से घास काटकर वापस घर लौट रही थी, रामगंगा टैंक में पानी पीने और नहाने के लिये गई। वे गहरे पानी में फिसल गई और अपनी-अपनी जान बचाने के लिये संघर्ष करने लगीं क्योंकि उन में से किसी को भी तैरना नहीं आता था। वे सहायता के लिए चिल्लाई। उनकी चीखें एक 15 वर्षीय बालक, श्री प्रेम सिंह ने सुनीं। वह तुरन्त टैंक की ओर दौड़ा तथा उन सभी बालिकाओं को डूबने से बचा लिया। वह उन्हें पानी से बाहर निकाल लाया।

श्री प्रेम सिंह ने अपनी जान की परवाह न करते हुए सात असहाय बालिकाओं की प्राण रक्षा में उत्कृष्ट साहस और तत्परता का परिचय दिया।

3. श्री अजीत सिंह,
1057 फील्ड वर्कशॉप (जी० आर० ई० एफ०),
मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

4. श्री अमर सिंह,
1057 फील्ड वर्कशॉप (जी० आर० ई० एफ०)
मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

5. श्री स्वर्ण सिंह,
1057 फील्ड वर्कशॉप (जी० आर० ई० एफ०),
मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

6. श्री प्रीतम सिंह,
1057 फील्ड वर्कशॉप (जी० आर० ई० एफ०),
मार्फत 56 ए० पी० ओ०।

17 जुलाई, 1985 को, अखनूर में, लगातार भारी वर्षा के कारण एक विशाल दुमंजिला भवन गिर गया और 70 मजदूर तथा उनके परिवार के सदस्य उसके मलबे में फंस गये। 1057 फील्ड वर्कशाप (जी० आर० ई० एफ०) के

कर्मचारी श्री अजीत सिंह, श्री अमर सिंह, श्री स्वर्ण सिंह, और श्री प्रीतम सिंह को उन अभागे दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों को बचाने के लिये भेजा गया।

गिरे हुए भवन में घुसना केवल कठिन ही नहीं अपितु आत्मघाती भी था। फिर भी, उन्होंने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह नहीं की और दीवार में बनाये गये एक छोटे सुराख से क्षतिग्रस्त भवन में घुस गये। वे मलबे में से महिलाओं और बच्चों सहित अनेक व्यक्तियों को सफलतापूर्वक जीवित बाहर निकाल लाये। उन्होंने अनेक शवों को भी ढूंढ निकाला।

श्री अजीत सिंह, श्री अमर सिंह, श्री स्वर्ण सिंह और श्री प्रीतम सिंह ने बचाव कार्य के दौरान अपनी जान को आये गम्भीर खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए विपरीत परिस्थितियों में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

सं० 13-प्रेज/88—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को "जीवन रक्षा पदक" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. श्री पुसकल्ला वेंकट लक्ष्मी नारायण स्वामी,
पोर्टलैंड पार्क,
वेंकटेश्वर मन्दिर के निकट,
विशाखापत्तनम।

16 अक्तूबर, 1986 को विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट की एक नाव, जिसकी क्षमता 15 व्यक्तियों को ले जाने की थी, परन्तु जो लगभग 45 व्यक्तियों को 400 फुट लम्बे और लगभग 35 से 40 फुट गहरे समुद्र प्रवेश चैनल के पार, यारदा हिल से डी० सी० जेटी ले जा रही थी, संभवतः इस अधिक भार के कारण उलट गई। इस दुर्घटना को देखकर विशाखापटनम पोर्ट ट्रस्ट के कुछ कर्मचारी डूबते हुए यात्रियों को बचाने के लिये आये। उनमें एक श्री पुसकल्ला वेंकट लक्ष्मी नारायण स्वामी भी थे जिन्होंने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए समुद्र में छलांग लगा दी तथा पांच महिलाओं और तीन बच्चों की जान बचा ली। इस दुर्घटना में सात अन्य यात्रियों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।

श्री पुसकल्ला वेंकट लक्ष्मी नारायण स्वामी ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए आठ व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

2. श्री विश्वनाद राजु इन्दुकुरी,
तचिली ग्राम,
अत्रेयपुरम मण्डल,
पूर्वी गोदावरी जिला,
आन्ध्र प्रदेश।

अगस्त, 1986 में गोदावरी नदी में आई अभूतपूर्व बाढ़ से पूर्वी गोदावरी जिले में बोब्बरलंका स्थित नहर के दहाने में दरार पड़ने का खतरा पैदा हो गया था। जब कर्मचारी और तकनीकी विशेषज्ञ दरार पड़ने को रोकने का भरसक प्रयास कर रहे थे, उसी दौरान श्री इन्दुकुरी ने बचाव के उपाय करने के लिये आदमियों और साज-सामान को इकट्ठा किया। उन्होंने अपनी पीठ पर रस्सा बांधकर 30 फुट गहरे बाढ़ के पानी में गोते लगाते हुए 16-8-1986 से 19-8-86 तक लगातार तीन दिनों तक अपने स्वयंसेवकों की मदद से सैंकड़ों रेत की बोरियां और चट्टानें उसके तल में जमा कीं और नहर के दहाने को दरार के खतरे से बचा लिया और इस प्रकार हजारों व्यक्तियों और पशुओं को डूबने से और बहुत सारी कृषि भूमि को कटाव से बचा लिया।

श्री विश्वनाद राजु इन्दुकुरी ने अपनी निजी सुरक्षा को उत्पन्न गंभीर खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए इस प्रकार के विशाल बचाव कार्य को करने में अनुकरणीय साहस एवं सतर्कता का परिचय दिया।

3. श्री दादुभाई सोमभाई कातरा,
डाकघर शामलाजी, भिलोदा टी० के०,
जिला साबरकांठा, गुजरात।

4. श्री कालुभाई कामगभाई कातरा,
डाकघर सामलाजी, भिलोदा टी० के०,
जिला साबरकांठा, गुजरात।

23 फरवरी, 1986 को स्कूली बालिकाओं का एक ग्रुप अपने शिक्षकों के साथ माशबू नदी पर बने माशबू बांध पर पिकनिक मनाने गया। जब शिक्षक और कुछ बालिकायें बांध के पानी में एक देसी नाव पर नौकायन के लिये गईं, तभी अचानक नाव का सन्तुलन बिगड़ गया और वह उलट गई। उस दुर्घटनाग्रस्त नौका के सभी सवार पानी में डूबने लगे और अपनी-अपनी जान बचाने के लिये संघर्ष करने लगे।

श्री दादुभाई सोमभाई कातरा और श्री कालुभाई कामगभाई कातरा ने, जो उस समय नजदीक ही थे, इस दुर्घटना को देखा और उन अभागों को बचाने के लिये तुरन्त पानी में कूद पड़े। वे गहरे पानी में से 3 बालिकाओं को सफलतापूर्वक बचा लाये। दुर्भाग्य से 15 अन्य पानी में डूब गई। हालांकि, नदी के किनारे पर खड़े अनेक ग्रामवासियों ने इस दुर्घटना को देखा था, लेकिन सिवाय इन दोनों बहादुर लड़कों के किसी ने भी दुर्घटना पीड़ितों को बचाने का साहस नहीं दिखाया।

श्री दादुभाई सोमभाई कातरा और श्री कालुभाई कामगभाई कातरा ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह किये बगैर तीन बालिकाओं का जीवन बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

5. श्रीमती कस्तारो देवी,
पत्नी स्व० श्री बन्सी लाल,
ग्राम चोरी,
डाकघर सुजानपुर,
उप तहसील सुजानपुर,
जिला हमीरपुर,
हिमाचल प्रदेश।

22 अक्तूबर, 1986 की रात को चार सशस्त्र चोर श्रीमती करतारो देवी के घर में घुसे और घर में मौजूद महिलाओं से अपने अपने आभूषण आदि देने को कहा। जब महिलाओं ने इन्कार किया, तो एक चोर ने वहां मौजूद श्रीमती जीवना देवी पर गोली चला दी, जिनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। इसी बीच, श्रीमती करतारो देवी ने एक चोर को कमर से पकड़ लिया। उसके साथियों ने उसको छुड़ाने के प्रयास में श्रीमती करतारो देवी पर बार-बार गोलियां चलाई। परिणामस्वरूप, श्रीमती करतारो देवी, और वह चोर, जिसे उन्होंने पकड़ रखा था, दोनों गोलियों से जख्मी हो गये। चोर की तो वहीं घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि ग्रामवासी जो गोली चलने की आवाजों और महिलाओं की चीखें सुनकर घटनास्थल पर पहुंच गये थे, श्रीमती करतारो देवी को अस्पताल ले गये।

श्रीमती करतारो देवी ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए चोरों द्वारा महिलाओं के आभूषण आदि लूटने के प्रयास को विफल करने तथा उन महिलाओं की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और बहादुरी का परिचय दिया।

6. श्री बावनी सोनू कुमाटेकर
काफ्नी मन्दिर के पीछे कोंदीबाग
धारवाड़ 561303-कर्नाटक।

11 मई 1984 को एक महिला जो काली नदी पर बने कोंदीबाग पुल से गुजर रही थी नदी में गिर पड़ी। श्री बावनी सोनू कुमाटेकर ने जो नजदीक ही मछलियाँ पकड़ रहे थे, इस दुर्घटना को देखा उन्होंने तुरन्त नदी में छलांग लगा दी और उसे बचा लिया।

श्री बावनी सोनू कुमाटेकर ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए उस महिला की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

7. श्री रेणुकास्वमी वीरय्या कामनाद,
सिद्दारुदे आश्रम, पुरानी हुबली,
जिला धारवाड़, कर्नाटक।

30 सितम्बर, 1985 को, एक महिला अपने दो बच्चों के साथ आत्महत्या करने के इरादे से एक बड़े टैंक में कूद गई। एक लड़का, जो संयोग से वहां मौजूद था, उसके इस दुर्घटना की जानकारी सिद्दारूदे मठ के अधिकारियों को दी लेकिन सिद्दारुदे स्कूल के विद्यार्थी श्री रेणुकास्वामी वीरय्या कामनाद को छोड़कर कोई भी उस महिला और उसके बच्चों को बचाने के लिये आगे नहीं आया। वह तुरन्त उस बड़े टैंक में कूद पड़ा और महिला व उसके बच्चों को पानी से निकाल लाया। वह महिला तो बच गई लेकिन उसके बच्चों की अस्पताल में मृत्यु हो गई।

श्री रेणुकास्वामी वीरय्या कामनाद ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए महिला को बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

8. श्री नारायण कर्वी,
मकान नं० 22, कस्बा बांगेरे,
मंगलूर, जिला दक्षिण कन्नड़,
कर्नाटक।

1 सितम्बर, 1983 को, तूफानी मौसम के कारण मछली पकड़ने वाली एक नौका, जिस पर दो मछुआरे सवार थे, अरब सागर में उलट गई और दोनों मछुआरे उस तूफान-ग्रस्त समुद्र में अपने-अपने जीवन के लिये संघर्ष करने लगे। समुद्र तट पर जमा लोगों ने यह दृश्य देखा और उन्होंने शोर मचाया। श्री नारायण कर्वी भी उस समय वहां मौजूद थे। वे तुरन्त समुद्र में कूद पड़े और 3 किलोमीटर से भी अधिक दूरी तक तैरकर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को तट पर ले आये।

श्री नारायण कर्वी ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए दो व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

9. मास्टर सतीश दयावप्पा नायक,
मार्फत श्री दयावप्पा लिगप्प नायक,
सोमनहल्ली (जिपागी) नारी बेल सिरसी,
जिला उत्तर कन्नड़, कर्नाटक।

1 नवम्बर, 1985 को मास्टर सतीश दयावप्पा नायक पानी गर्म करने के लिये गुसलखाने में चूल्हा जला रहा था जबकि उसके माता पिता काम पर बाहर गये हुए थे। अचानक, गुसलखाने की घास फूस की छत ने आग पकड़ ली जो शीघ्र ही पूरी झोंपड़ी में फैल गई। मास्टर सतीश ने महसूस किया कि पूरी की पूरी झोंपड़ी आग की लपटों में आ चुकी है और उसका 4 वर्षीय भाई और 2 वर्षीय बहन अन्दर सो रहे हैं। वह तुरन्त सहायता के लिये चिल्लाया लेकिन वहां आस-पास कोई भी नहीं था, जो उसकी मदद करता। अपनी निजी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए मास्टर सतीश दयावप्पा नायक, पहले अपने भाई को को और फिर अपनी बहन को बचाने के लिए दो बार जलती हुई झोंपड़ी के अन्दर गया।

मास्टर सतीश दयावप्पा नायक ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह किए बगैर दो छोटे बच्चों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

10. श्री देवीन्द्र पुत्त गौड़ा,
कालासी, डाकघर मातिशवाला,
येल्लापुर तालुक,
जिला उत्तर कनारा, कर्नाटक।

4 फरवरी, 1986 को आराबेल गांव की पांच महिलायें जिस टेप्पा (बेड़ा) में बेदती नदी पार कर रही थीं वह नदी के बीच में आकर उलट गया। सभी महिलायें, जो तैरना नहीं जानती थीं, नदी में डूबने लगीं। श्री देवीन्द्र पुत्त गौड़ा ने, जो संयोग से वहां मौजूद थे, महिलाओं की दुर्दशा

को देखा और दूसरे टेम्पो में बैठकर तेजी से घटनास्थल की ओर बढ़े। वे नदी में कूद पड़े और उनमें से चार को पानी से बाहर निकाल आये। पांचवीं महिला को बचाया नहीं जा सका और श्री गौड़ा ने उसके शव को पानी से बाहर निकाला।

श्री देवीन्द्र पुत्त गौड़ा ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए चार अभागी महिलाओं की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

11. कुमारी पी० शीबा जोसेफ,
पोलतोनियाल,
डाकघर पाशुक्कदावु,
जिला कोजीकोड,
केरल।

21 जून, 1986 को एक पच्चीस वर्षीय महिला और उसका छः वर्षीय पुत्र कादुमतारा नदी के किनारे नहा रहे थे। लड़का फिसल कर गहरी नदी में जा गिरा और नदी की तेज धारा में बहने लगा। वह महिला सहायता के लिये चिल्लाई। उसको सुनकर, कुमारी शीबा जोसेफ, जो कि नजदीक ही नहा रही थी, घटना स्थल की ओर दौड़ी, वह तुरन्त नदी में कूद पड़ी और डूबते हुए बालक की ओर तैरने लगी। उसने अचेत बालक को पकड़ा और लगभग 25 मीटर तैरने के बाद उसे किनारे पर ले आई।

कुमारी शीबा जोसेफ ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए बच्चे की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

12. श्री सी० चन्द्रशेखरन,
मुख्याध्यापक,
राजकीय एल० पी० स्कूल,
वेल्लाइल,
जिला कोजीकोड,
केरल।

10 अक्तूबर, 1985 को गवर्नमेंट एल० पी० स्कूल, वेल्लाइल, कोजीकोड की तीसरी कक्षा की एक नौ वर्षीया छात्रा पानी निकालते हुए अचानक कुएं में गिर पड़ी। उस स्कूल के मुख्याध्यापक, श्री सी० चन्द्रशेखरन इस घटना के बारे में सुनने पर घटनास्थल की ओर दौड़े। हालांकि श्री चन्द्रशेखरन दिल के पुराने मरीज थे फिर भी वे बिना किसी हिचकिचाहट के कुएं में कूद पड़े और उस बालिका को डूबने से बचा लिया।

श्री सी० चन्द्रशेखरन ने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए उस छोटी बालिका की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

13. श्री टी० रामकृष्णन,
तुरुतिविल हाउस,
तिरुवल्लूर, बादगारा तालुक,
जिला कोजीकोड,
केरल।

10 अगस्त, 1986 को 16 यात्रियों को ले जा रही एक देसी नाव वेल्लुक्करी नदी में तट से लगभग 15 मीटर की दूरी पर मूसलाधार वर्षा और तेज हवा के कारण उलट गई। सभी यात्री अपनी अपनी जान बचाने के लिये संघर्ष कर रहे थे, और सहायता के लिये चिल्ला रहे थे। उनके शोर को सुनकर श्री रामकृष्णन जो संयोगवश नदी के तट पर मौजूद थे, घटनास्थल की ओर दौड़े। वे वहां खड़ी नाव में बैठ गये और अपनी धोती को फाड़ कर दो टुकड़े कर दिये। उन्होंने धोती का एक छोर नाव से और दूसरा टेलीफोन के खम्बे के साथ साथ बांध दिया और अपनी नाव को उस तरफ ले गये जहां नाव उलटी थी। उन्होंने डूब रहे व्यक्तियों को बचाव नौका में चढ़ाया और उसकी प्राथमिक चिकित्सा की। दुर्भाग्य से एक व्यक्ति की नाव में मृत्यु हो गई। जब नौका चलने को तैयार हुई, तो किसी ने बताया कि एक महिला गुम है। श्री राम कृष्णन, तुरन्त नदी में कूद पड़े और उस महिला के शव को बाहर निकाल लाये।

श्री टी० रामकृष्णन ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए 14 व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

14. कुमारी नेल्लीकुझल परमेश्वरन् बिन्दु,
नेल्लीकुझल हाउस, पालकुजा,
मुवत्तुपुजा तालुक, जिला एर्नाकुलम,
केरल।

28 जून, 1985 को गवर्नमेंट माडल हाई स्कूल, पालकुजा की नौ वर्षीय छात्रा अन्य विद्यार्थियों के साथ अपना टिफिन बॉक्स धोने पानी के एक ऐसे टैंक पर गई जिसका पानी पानी बाहर निकल रहा था। अपना टिफिन बाक्स धोते हुए वह अचानक फिसल कर टैंक में गिर गई जहां पानी की गहराई 6 मीटर थी और वह उसमें डूबने लगी। दूसरे बच्चों का शोर सुनकर स्कूल की ही एक छात्रा कुमारी बिन्दु घटनास्थल की ओर दौड़ी। वह तुरन्त टैंक में कूद पड़ी और उस बालिका को गहरे पानी से बाहर निकाल कर सतह पर ले आई। उन दोनों बालिकाओं को कुछ अध्यापकों ने, जो उस समय तक घटनास्थल पर पहुंच गये थे, पानी से बाहर निकाल लिया।

कुमारी नेल्लीकुझल परमेश्वरन बिन्दु ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह किये बगैर डूबती हुई बालिका को बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

15. श्री राजेन्द्र शिवाजी चावरे,
डाकघर एवं तालुक माधा,
जिला शोलापुर,
महाराष्ट्र।

9 अक्तूबर, 1984 को छः महिलाएं एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर मानकर्णा नदी पर बने पुल को पार कर रही थीं। बाढ़ के कारण वह पुल जलमग्न हो गया था और पानी पुल

से 40 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा था। पानी की तेज धारा का सामना न कर पाने के कारण सभी महिलायें फिसल गईं और बाढ़ग्रस्त नदी में गिर पड़ीं। श्री राजेन्द्र शिवाजी चावड़े ने, जो संयोग से वहां थे, इस घटना को देखा और डूबती हुई महिलाओं को बचाने के लिये नदी में तुरन्त छलांग लगा दी। अपने भरसक प्रयासों से वे तीन महिलाओं का जीवन बचाने में सफल रहे।

श्री राजेन्द्र शिवाजी चावड़े ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न रते हुए डूबती महिलाओं की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

16. श्री रावजी भीकाजी केलुस्कर,
स्थान व डाकघर तारकर्ली,
मालवान तालुक
जिला रत्नगिरि,
महाराष्ट्र।

24 अगस्त, 1984 को पांच व्यक्तियों को ले जाती हुई एक नौका तारकर्ली गांव में एक संकरी खाड़ी में उलट गई और डूबने लगी। सभी यात्री अपनी अपनी जान बचाने के लिये संघर्ष करने लगे और सहायता के लिये चिल्लाये। उनकी पुकार सुनकर, श्री रावजी भीकाजो केलुस्कर, जो नजदीक ही मछलियां पकड़ रहे थे, अपनी नौका दुर्घटनास्थल की तरफ ले गये और डूबते हुए व्यक्तियों को बचाने के लिये पानी में छलांग लगा दी। वे बारी बारी से सभी व्यक्तियों को बचाने में सफल रहे।

श्री राव जी भीकाजी केलुस्कर ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए डूबते हुए व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया

17. कुमारी सोमवती,
ग्राम जाम यच्छार,
जिला शहडोल,
मध्य प्रदेश।

4 अप्रैल, 1987 को, ग्राम जाम कच्छार में श्री सोनू के मकान में आग लग गई और आठ महीने के बच्चे समेत कुछ व्यक्ति अन्दर फंस गये। आग तेजी से फैल गई। श्री सोनू जो जलते हुए मकान के बाहर खड़े थे और कुछ अन्य व्यक्ति जलते हुए मकान को केवल बाहर से देखते रहे लेकिन किसी को भी जलते हुए मकान के भीतर घुसने का साहस नहीं हुआ। श्री सोनू की 16 वर्षीया पुत्री कुमारी सोमवती आग की लपटों की परवाह किये बिना, फंसे हुए व्यक्तियों को बचाने के लिये जलते हुए मकान में घुस गई। वह जलते हुए मकान में से आठ महीने के अपने भाई को सुरक्षित बाहर ले आई। हालांकि इस प्रयास में उसके मुंह, हाथों और टांगों पर जलने के गम्भीर घाव हो गये थे लेकिन वह अन्दर फंसे अन्य व्यक्तियों को बचाने के लिये एक बार फिर जलते हुए मकान में घुसी लेकिन वह अचेत होकर गिर पड़ी। उसे अचेतावस्था में घटनास्थल से हटाया गया।

कुमारी सोमवती ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए बच्चे की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

18. श्री छानू,
ग्राम सिमगा, तहसील सिमगा,
जिला रायपुर।
मध्य प्रदेश।

25 जुलाई, 1986 को एक ट्रक, जिसमें चार व्यक्ति बैठे हुए थे, पुल पार करते हुए चढ़ी हुई शिवनाथ नदी गिर पड़ा। इस घटना को अनेक व्यक्तियों ने देखा और वे चिल्लाने लगे। श्री छानू ने जो मछलियाँ पकड़ने गये हुए थे, इस शोर को सुना और वे घटनास्थल की ओर दौड़े। वह तुरन्त नदी में कूद पड़े और ट्रक के चालक और एक अन्य व्यक्ति को बचा लिया।

श्री छानू ने अजनी जान के खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए दो व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

19. श्री मुन्नू सिंह,
मार्फत जिला कमांडेंट,
होम गार्ड, सिरोह,
मध्य प्रदेश।

20. श्री सुखराम गोंड,
मार्फत जिला कमांडेंट,
होम गार्ड, सिहोर,
मध्य प्रदेश।

28 मई, 1986 की रात को, श्री मुन्नू सिंह और श्री सुखराम गोंड, होम गार्ड, पार्वती नदी के किनारे पर जल आपूर्ति संयंत्र की सुरक्षा के लिये गश्त ड्यूटी पर थे। उन्होंने निकटवर्ती गांव, कहानी से आग की लपटें उठती देखी। वे तुरन्त उस गांव की ओर दौड़े कि पूरा गांव जल रहा है। चूंकि वहां आग बुझाने के लिये पर्याप्त पानी नहीं था, इसलिये ग्रामवासी जल्दबाजी में अपने अपने परिवार और सामान आदि को बचाने का प्रयास कर रहे थे।

दोनों होम गार्ड पहले एक जलते हुए शैड में घुसे जहां लगभग 150 मवेशी बन्धे हुए थे। उन्होंने उन सब को खोल दिया थोड़ा और आगे जाने पर उन्होंने जल कर नष्ट हुए एक मकान से बच्चों को बिलखता सुना और उन्होंने उठती लपटों के सामने से एक 11 वर्षीय बालक, एक 3 वर्षीय बालिका और एक शिशु को बचाया। उसी मकान में उन्होंने एक 70 वर्षीय वृद्ध को एक बक्से के साथ बाहर निकलने का असफल प्रयास करते हुए देखा और उन्होंने उसे भी बचा लिया। इस प्रक्रिया में दोनों होम गार्डों को जलने के घाव हो गये और अन्य चोटें आई।

श्री मुन्नू सिंह और श्री सुखराम गोंड ने अनेक ग्रामीणों और मवेशियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

21. कुमारी ललिता पण्डा,
मार्फत श्री मनोरंजन पण्डा,
ड्राइवर, ओ० एस० आर० टी० सी०,
पत्रपाड़ा,
डाकघर/जिला सुन्दरगढ़,
उड़ीसा।

18 नवम्बर, 1985 को, लगभग 60 सवारियों को ले जा रही ओ० एस० आर० टी० सी० की एक बस प्रताप नगर नहर के किनारे रुकी और ड्राइवर सहित कुछ यात्री नित्य कर्म से फारिग होने के लिये नीचे उतरे जबकि कुछ यात्री बस में ही रहे। तेज गति से आता हुआ एक ट्रक बस के पिछले हिस्से से टकराया और इस टक्कर की वजह से बस नहर की ओर लुढ़कने लगी। बस में ड्राइवर के केबिन के निकट बैठी एक यात्री कुमारी ललिता पण्डा ने स्थिति की गम्भीरता को भांप लिया और बिना समय नष्ट किये अपनी पूरी ताकत से ब्रेक लगायी, जिसके फलस्वरूप अगला दायां पहिया नहर के तटबन्ध के रिज पर रुक गया और यात्री बच गये।

कुमारी ललिता पण्डा ने बस के अन्दर बैठे 26 यात्रियों की जान बचाने में असाधारण तत्परता, स्फूर्ति और श्रेष्ठ सूझ बूझ का परिचय दिया।

22. श्री बाबू लाल रैगर,
मार्फत श्री बान्धू लाल रैगर,
ग्राम जावन्ती कला,
जिला बून्दी,
राजस्थान।

23. मास्टर धन्ना लाल तेली,
पुत्र श्री छोटू लाल तेली,
ग्राम जावन्ती कला,
जिला बून्दी,
राजस्थान।

24 जनवरी, 1986 को, गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, जावन्ती कला का एक छः वर्षीय छात्र अचानक 20 फुट गहरे एक कुंए में गिर गया, जिसमें भूमि से पानी का स्तर 4 फुट था। इस घटना को सुनकर, उसी स्कूल के दो छात्र, श्री बाबूलाल रैगर और श्री धन्नालाल तेली एकदम घटनास्थल की ओर दौड़े और अपनी जान पर खेल कर डूबते हुए लड़के को बचाने के लिए तत्काल कुंए में कूद पड़े। ये दोनों बहादुर युवक एक अध्यापक, श्री अशोक कुमार शर्मा की सहायता से, जिन्होंने कुंए में झुक कर बच्चे को खींचा था, उसे बचाने में सफल हो गए।

श्री बाबूलाल रैगर और धन्नालाल तेली ने अपनी जान को आए भयंकर खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए, लड़के की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का प्रदर्शन किया।

24. श्री शक्ति सिंह सिसोदिया,
2ख-8, जवाहर नगर,
जयपुर-302004, राजस्थान।

ग्राम हीरापुर, जिला जयपुर में दिनांक 12 अप्रैल 1987 को जब एक स्कूल का उद्घाटन समारोह चल रहा था, 150 मीटर की दूरी पर एक निकटवर्ती ग्राम में कुछ झोंपड़ियों को अचानक आग लग गई। जलती हुई एक झोंपड़ी के अन्दर 4½ वर्ष और 1½ वर्ष के दो बच्चे फंस गए।

श्री शक्ति सिंह सिसोदिया, नायब तहसीलदार तत्काल घटना स्थल की तरफ दौड़े। अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने जलती हुई झोंपड़ी में जाकर दोनों बच्चों को बाहर सुरक्षित निकाल लिया। उन्होंने नजदीक के एक कुंए से "चड़स" (पानी उठाने वाला यंत्र) में पानी खींचने के परम्परागत तरीके का प्रयोग करते हुए आग बुझाने में भी सहायता की।

श्री शक्ति सिंह सिसोदिया ने अपनी जान को आए खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए, दो बच्चों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का प्रदर्शन किया।

25. श्री चांद, (मरणोपरान्त)
ग्राम नांगला,
आर्डर-माजरा,
सासीपुर, तहसील सरधाना,
जिला मेरठ,
उत्तर प्रदेश।

श्री चांद अपने रिश्तेदारों और अन्य साथियों के साथ दिनांक 27 नवम्बर, 1985 को गंगा नहर में स्नान करने के करने के लिए गए। जब वे नहर से बाहर निकले, उन्होंने देखा कि उनके दो रिश्तेदार नहर में डूब रहे थे। वे पुनः तत्काल नहर में कूद पड़े और डूबते हुए व्यक्तियों को किनारे तक ले आए किन्तु इस प्रक्रिया में दुर्भाग्यवश वे अपनी जान खो बैठे।

श्री चांद ने दो व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया और ऐसा करते हुए अपनी जान गंवा दी।

26. श्री जीवन सोनकर,
मोहल्ला गोरा बाजार,
डाकखाना पोरनगर,
जिला गाजीपुर,
उत्तर प्रदेश।

14 जनवरी, 1985 को, मकर संक्रान्ति के अवसर पर लोग गंगा में स्नान कर रहे थे। एक 16 वर्षीय लड़की तेज धारा में बह गई और उसकी 14 वर्षीय बहन, जिसने उसे बचाने की कोशिश की, वह भी बह गई। दोनों लड़कियां नदी में डूब रही थीं। दोनों लड़कियों की दुर्दशा देख कर, उनके पिता भी उन्हें बचाने की कोशिश में नदी में कूद पड़े किन्तु नदी के तेज बहाव के कारण वह भी पानी में बह गए। घाट पर हुई चीख-पुकार को सुनकर श्री जीवन सोनकर घटना-स्थल की तरफ दौड़े। वे एकदम नदी में कूद पड़े और उन्होंने सभी तीन व्यक्तियों को डूबने से बचा लिया।

श्री जीवन सोनकर ने अपनी जान को होने वाले खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए तीन व्यक्तियों की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का प्रदर्शन किया ।

27. श्री अशोक कुमार (मरणोपरान्त)
ग्राम अकोला,
थाना मालपुरा,
जिला आगरा,
उत्तर प्रदेश ।

14 अक्तूबर, 1986 को अकोला ग्राम के एक निवासी ने एक बिजली के उस खम्बे को छू लिया जिसमें बिजली चल रही थी जिससे उसे बिजली का तेज झटका लगा और परिणामस्वरूप वह खम्बे से चिपक गया । उसकी चीखें सुनकर, श्री अशोक कुमार दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे और उसकी जान बचाने की कोशिश की । श्री अशोक कुमार उस निस्सहाय व्यक्ति की जान को बचाने की अपनी कोशिश में सफल तो हो गए किन्तु ऐसा करते हुए उनकी अपनी जान चली गई ।

श्री अशोक कुमार ने एक व्यक्ति की जान बचाने में अदम्य साहस तथा तत्परता दिखाई और इस प्रक्रिया में अपनी जान की बलि चढ़ा दी ।

28. श्री आशीष कुमार दत्ता (मरणोपरान्त)
मीर बाजार पीरी लेन,
मिदनापुर,
पश्चिम बंगाल ।

7 अक्तूबर, 1986 को एक 60 वर्षीय बूढ़ी महिला मीरबाजार पीरी लेन में एक बिजली की गर्म तार की चपेट में आ गई और उसे बिजली का भारी झटका लगा । निस्सहाय महिला की दुर्दशा देखकर, श्री आशीष कुमार दत्ता उसकी सहायता के लिए दौड़े और उसके शरीर से बिजली की गर्म तार को हटाकर उसकी जान बचाई । किन्तु, इस प्रक्रिया में, श्री दत्ता को बिजली के प्रघात से चोटें आईं और वे बेहोश हो गए । उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां बिजली प्रघात की चोट के कारण उनकी मृत्यु हो गई ।

श्री आशीष कुमार दत्ता ने बूढ़ी महिला की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता दिखाई और इस प्रक्रिया में उन्होंने अपनी जान की बलि चढ़ा दी ।

29. नम्बर 4450899,
नायक कौर सिंह,
10 सिख लाइट इन्फैन्टरी,
मार्फत 99 ए० पी० ओ० ।

नायक कौर सिंह दिनांक 23 जुलाई, 1985 को, जब बैरक की तरफ वापिस लौट रहे थे, उन्होंने एक सिविल ट्रक को मैल नाले में डूबे हुए देखा जिसकी छत पर एक व्यक्ति बैठा हुआ था । वे दौड़कर घटना स्थल पहुंचे और नाले में कूद पड़े । वे तैर कर ट्रक तक गए और उस व्यक्ति को अपनी पीठ पर ले लिया और एक रस्सी की सहायता से, जिसे फायर ब्रिगेड के कार्मिकों ने पहले ही बांध दिया था, वापिस किनारे की तरफ तैरते हुए आ रहे थे । फिर बीच में ही वे दोनों पानी में गिर गए; फिर भी नायक कौर सिंह ने अपनी पीठ पर पड़े व्यक्ति को पकड़े रखा और उसे सुरक्षित किनारे तक ले आए ।

श्री कौर सिंह ने अपनी जान को आए खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए एक व्यक्ति की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का प्रदर्शन किया ।

30. नम्बर 2570391,
लान्स नायक अलगू नटराजन्,
18 मद्रास (मैसूर),
मार्फत 56 ए० पी० ओ०

4 मई, 1985 को, कनकारिया झील, जो अपने जहरीले पानी के कारण एक आत्मघाती झील के नाम से जानी जाती है, के क्षेत्र की गश्त करते समय, लान्स नायक अलगू नटराजन् ने एक महिला को इसमें डूबते हुए देखा । उन्होंने तत्काल अपनी गाड़ी रोकी और एकदम घटनास्थल पहुंचे और अपने बूटों तथा वेल्ट समेत झील में कूद पड़े और महिला को बचा लिया ।

लान्स नायक अलगू नटराजन् ने अपनी जान को होने वाले खतरे की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए महिला की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का प्रदर्शन किया ।

31. नम्बर 1434232,
सी० एच० एम० नानक चन्द,
इंजीनियर्स,
विशेष प्रशिक्षण बटालियन (डी),
बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप और केन्द्र,
रुड़की ।

7 फरवरी, 1985 को जनकपुरी, सहारनपुर के निवासी डा० अरविन्द कुमार गुप्ता गंगा नहर पर बने एक रेलवे पुल को पार करते समय अचानक नहर में गिर गए और तेज धारा में बहने लगे । इसके बारे में सुनकर सी० एच० एम० नानक चन्द, जो 1 किलोमीटर की दूरी पर वाटरमैनशिप प्रशिक्षण दे रहे थे, नायक राम कृपाल सिंह द्वारा चलाई जा रही एक सेफ्टी बोट के जरिए घटना स्थल पर पहुंचे । घटना स्थल पर पहुंचने पर वे बर्फ जैसे ठण्डे पानी में कूद पड़े और डूबते व्यक्ति की तरफ तैरने लगे । उन्होंने डाक्टर को पकड़ लिया, जो उस समय तक बेहोश हो गए थे और नायक राम कृपाल सिंह की सहायता से उसे नाव में ले आए ।

सी० एच० एम० नानक चन्द ने अपनी जान को आए खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए डूबते हुए व्यक्ति की जान बचाने में अदम्य साहस और तत्परता का प्रदर्शन किया ।

32. नम्बर 2678127
ग्रेनेडियर बनवारीलाल,
3, ग्रेनेडियर्स,
मार्फत 56 ए० पी० ओ०

26 फरवरी, 1986 को मुठियानवाला गांव में एक मकान में आग लग गई और कई व्यक्ति जलते हुए मकान के भीतर फंस गए। आग को देखकर, ग्रेनेडियर बनवारीलाल, जो उक्त गांव के निकट आन्तरिक सुरक्षा ड्यूटी पर थे, घटना-स्थल की ओर दौड़े। उन्होंने देखा कि जलते हुए मकान में फंसे व्यक्ति चिल्ला रहे हैं और अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रेनेडियर बनवारीलाल ने जलते हुए मकान में बिना किसी हिचकिचाहट के प्रवेश किया और एक अशक्त महिला और एक छोटे बच्चे को बचा लिया। उन्होंने कई मवेशियों को भी बचाया। उसके बाद वह जलती हुई छत पर चढ़ गए और पानी की बौछार करके आग को बुझा दिया।

ग्रेनेडियर बनवारीलाल ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए दो व्यक्तियों और कई मवेशियों को बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

33. नम्बर 2864024 वाई
राइफलमैन बलदेव सिंह,
11 राजराइफल्स
मार्फत 56 ए० पी० ओ०

34. नम्बर 2880620 पी
राइफल मैन बृजपाल सिंह,
11 राज राइफल्स
मार्फत 56 ए० पी० ओ०

28 मई, 1985 को, केसरी सिंहपुरा में प्रशिक्षण शिविर से लौटते समय, राइफलमैन बलदेव सिंह और बृजपाल सिंह और उनके साथियों ने निकट के नगर में आग लगी देखी। वे अपने साथियों के साथ तुरन्त घटना-स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने एक दुकान एवं मिल को जलते हुए देखा जिसमें मिल का मालिक और उसके परिवार के सदस्य फंस गए थे। प्रचण्ड आग से भयभीत न होकर दोनों राईफलमैनों ने जलती हुई मिल में प्रवेश किया और उसमें फंसे सभी व्यक्तियों को बचा लिया। इस प्रक्रिया में इन बहादुर नौजवानों को जलने के घाव हो गए।

राइफलमैन बलदेव सिंह और , बृजपाल सिंह ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए उन असहाय लोगों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

35. श्री सोनम
110, रोड कन्स्ट्रक्शन कम्पनी,
(जी० आर० ई० एफ०), कोकसार।

27 नवम्बर, 1986 को रोड कन्स्ट्रक्शन कम्पनी (जी० आर० ई० एफ०) को मढ़ी स्थित अपने डिटैचमेंट से एक बेतार संदेश प्राप्त हुआ जिसमें यह सूचित किया गया कि 13 कार्मिक 26 नवम्बर 1986 से लापता हैं। 13,500 फुट की ऊंचाई पर इन लोगों को ढूंढने तथा उन्हें वहां से लाने के लिए एक बचाव दल बनाया गया जिसमें श्री सोनम शामिल थे। हिमस्खलनों, बहुत कम प्रकाश और बर्फीले तूफानों के बीच चलते हुए बचाव दल को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। 29 नवम्बर, 1986 को 12,500 फुट की ऊंचाई पर "राक्षस ढंग" पर चढ़ते समय श्री सोनम फिसल कर एक दरेड़ में गिर गए और उन्हें बचाव दल के अन्य सदस्यों द्वारा बाहर निकाला गया। इस दुर्घटना से भयभीत न होकर, श्री सोनम ने अपना साहसिक कार्य तब तक जारी रखा जब तक कि वह फंसे हुए वाहनों तक नहीं पहुंच गए। तत्पश्चात् उन्होंने उन फंसे हुए व्यक्तियों को बाहर निकालने में सहायता की जिनमें शीत-दंश से ग्रस्त दो मामले भी शामिल थे, जिन्हें उठाकर अत्याधिक ढलान से ले आना पड़ा।

श्री सोनम ने अपनी जान के खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए उन फंसे हुए व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

36. श्री मोहेद मीर,
गांव तथा डाकखाना सोनमर्ग,
जिला श्रीनगर,
जम्मू व कश्मीर।

37. श्री सफी गुज्जर,
गांव गगनगीर,
डाकखाना कुलान,
जिला श्रीनगर,
जम्मू व कश्मीर।

14-15 नवम्बर, 1986 को जोजिला क्षेत्र में हिमस्खलनों के कारण एक दुर्घटना हो गई थी जिसके परिणामस्वरूप अनेक व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और काफी संख्या में वाहन दब गए थे। बर्फ को हटाने और खोज-कार्यों में सहायता करने के लिए अन्य श्रमिकों के साथ, श्री मोहेद मीर और श्री सफी गुज्जर को भी भेजा गया था।

23 नवम्बर, 1986 को जब वे बर्फ को हटा रहे थे, तब दो डोजर-प्रचालक 1000 फुट गहरी तंग घाटी में अकस्मात गिर गए। श्री मोहेद मीर और श्री सफी गुज्जर पहाड़ी के गहरे चट्टानी तल से होकर उस स्थल पर पहुंचे जहां दोनों डोजर-प्रचालक बाहर आने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने दोनों व्यक्तियों को तंग घाटी से बाहर निकलने में सहायता की और उन्हें उस स्थान तक ले आए जहां उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए एक हेलीकोप्टर उनकी प्रतीक्षा कर रहा था।

श्री मोहेद मीर और श्री सफी गुज्जर ने अपनी जान के खतरे की परवाह न करते हुए दो व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया।

38. श्री अम्बा दत्त,
गांव छानी,
डाकखाना सतसीलिंग,
जिला पिथौरागढ़,
उत्तर प्रदेश।

39. श्री साधुराम,
गांव कमालपुर,
डाकखाना छुटुमलपुर,
जिला सहारनपुर,
उत्तर प्रदेश ।

25 नवम्बर, 1986 को, जी० आर० ई० ए० के 5 कार्मिकों और एक दिहाड़ी-मजदूर के साथ श्री अम्बा दत्त और श्री साधु राम जब स्टिंगरी से मनाली जा रहे थे, भारी बर्फ पड़ने और मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण मनाली सारचू मार्ग पर 52 किलो मीटर पर रोहतांग टाप में असहाय अवस्था में फंस गए । दल ने 13050 फुट पर बर्फीली सर्दी में रात्रि व्यतीत की । हिमपात और खतरनाक हिमस्खलन का सामना करते हुए 18 किलो मीटर की दूरी को रेंगकर तय करने के बाद दोनों व्यक्ति 26 नवम्बर 1986 को मढ़ी स्थित सर्वाधिक समीपवर्ती टुकड़ी तक पहुंचे ताकि उन्हें कुछ सहायता मिल सके । कुछ व्यक्तियों की सहायता से उन्होंने बर्फ काटने वाली दो मशीनें चलाई ताकि असहाय कार्मिकों और वाहन सं० 57902 को बचाया जा सके । तथापि, भारी हिमजमाव और तूफानी मौसम होने के कारण बर्फ काटने वाली मशीनें उस स्थान तक नहीं पहुंचाई जा सकीं । 28 नवम्बर, 1986 को उन्होंने एक रास्ता बनाया, रेंगकर रानी नाला पार किया और ऊपर से आकर बिछुड़े हुए कार्मिकों से मिले । वे दो व्यक्तियों को अपने कंधों पर उठाकर मढ़ी ले आए । खराब मौसम होने के कारण हेलीकोप्टर से दो अन्य बीमार व्यक्तियों को ले जाने के उनके प्रयास विफल साबित हुए । पुन: 30 नवम्बर 1986 को उन्होंने नेपाली श्रमिकों की सहायता से दो और असहाय व्यक्तियों को वहां से निकाला ।

श्री अम्बा दत्त और श्री साधु राम ने अपने जीवन के खतरे की बिल्कुल परवाह न करते हुए फंसे हुए व्यक्तियों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस और तत्परता का परिचय दिया ।

सु० नीलकण्ठन, निदेशक

कार्मिक लोक, शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 27 जनवरी 1988

शुद्धि-पत्र

सं० 10/1/87-के० से०-II:—भारत के राजपत्र में दिनांक 24 अक्तूबर, 1987 को प्रकाशित हुई इस विभाग की दिनांक 24 अक्तूबर, 1987 की अधिसूचना संख्या 10/1/87-के० से०-II की मद (XVII) के पैरा 5 के उप पैरा (ग) में 'लिखित शब्दों तथा आंकड़ों "12 अक्तूबर, 1987" के स्थान पर "23 नवम्बर 1987 शब्द तथा आंकड़े प्रतिस्थापित किये जाएं।

एस० सुभद्रा, अवर सचिव

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 20 फरवरी, 1988

सं. 10/8/87-के. सं. 2—संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1988 में निम्नलिखित सेवाओं/पदों की अस्थायी रिक्तयों में नियुक्ति के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जाते हैं:—

(1) भारतीय विदेश सेवा (ख)—(आशुलिपि-संवर्ग का ग्रेड-2)

(2) रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड ग (उक्त ग्रेड की चयन सूची में सम्मिलित करने हेतु)

(3) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड ग (इस ग्रेड का चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए)

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा—ग्रेड ग और

(5) भारत सरकार के कुछ अन्य विभागों/संगठनों तथा सम्बद्ध कार्यालयों में आशुलिपिकों के पद जो भारतीय विदेश सेवा ख/रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा/केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा/सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा में सम्मिलित नहीं हैं।

1. उपर्युक्त सेवाओं/पदों में से किसी एक या एक से अधिक सेवा सम्बन्धित परीक्षा में प्रवेश के लिए कोई भी उम्मीदवार आवेदन कर सकता है। वह इनमें से जितनी सेवाओं/पदों के लिए विचार किये जाने का इच्छुक है उनका उल्लेख अपने आवेदन पत्र में कर सकता है।

टिप्पणी 1—उम्मीदवारों को चाहिए कि वे जिन सेवाओं/पदों के लिए विचार किए जाने के इच्छुक हों उनका वरीयता क्रम स्पष्ट रूप से लिख दें।

उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट उन सेवाओं/पदों के वरीयता क्रम में परिवर्तन से सम्बद्ध किसी अनुरोध पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा जब तक ऐसा अनुरोध रोजगार समाचार में लिखित परीक्षा के परिणामों के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के अन्दर संघ लोक सेवा आयोग के कार्यालय में प्राप्त नहीं हो जाता।

टिप्पणी 2—इस परीक्षा के माध्यम से भर्ती करने वाले कुछ विभागों/कार्यालयों को केवल अंग्रेजी आशुलिपिकों की ही आवश्यकता होगी और इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति केवल उन्हीं उम्मीदवारों में से की जाएगी जिन्हें लिखित परीक्षा तथा अंग्रेजी के आशुलिपिक परीक्षण के आधार पर आयोग द्वारा अनुशंसित किया जाता है (द्रष्टव्य: नियमावली के परिशिष्ट I का पैरा 4) ।

2. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तयों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में बताई जायेगी। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के लिए पद सरकार द्वारा निश्चित रिक्तियों को देखते हुए आरक्षित रखे जायेंगे।

3. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट I में निर्धारित ढंग से ली जाएगी।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किये जायेंगे।

4. (1) उम्मीदवार को या तो—

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए या

(ख) नेपाल की प्रजा या

(ग) भूटान की प्रजा या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(ङ) कोई भारत मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और कीनिया, उगांडा, तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया (भूतपूर्व) टांगानिका और जंजीबार, पूर्वी अफ्रीका के देशों से या जांबिया, मलावी, जैरे इथियोपिया और वियतनाम से आया हो।

परन्तु (ख), (ग), (ङ) और (घ) वर्गों के अन्तर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी), प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

परन्तु यह शर्त और कि उपर्युक्त (ख), (ग) और (घ) के वर्गों के उम्मीदवार भारतीय विदेश सेवा (ख)—आशुलिपिक उप संवर्ग का ग्रेड (II) से नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

(2) परीक्षा में ऐसे उम्मीदवार को भी जिसके लिए पात्रता प्रमाण-पत्र आवश्यक हो, परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है परन्तु उसे नियुक्ति प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा आवश्यक प्रमाण-पत्र दिए जाने पर ही दिया जाएगा।

5. ऐसे किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तीन से अधिक बार बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का नहीं है। किन्तु यह प्रतिबन्ध 1962 में हुई परीक्षा से प्रभावी होगा।

टिप्पणी 1—इस नियम के प्रयोजन के लिए परीक्षा से अभिप्राय है आशुलिपिक परीक्षा, आशुलिपिक (आपातकालीन कमीशन/अल्पकालीन कमीशन प्राप्त निर्मुक्त अधिकारी तथा भूतपूर्व सैनिक) परीक्षा तथा आशुलिपिक (भूतपूर्व सैनिक परीक्षा)।

टिप्पणी 2—यदि कोई उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं/पदों के प्रतियोगिता में बैठे तो इस नियम के प्रयोजन के लिए उस उम्मीदवार को परीक्षा के अन्तर्गत आने वाली सभी सेवाओं/पदों के लिए एक बार प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा माना जाएगा।

टिप्पणी 3—किसी उम्मीदवार को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा तब माना जाएगा, जब वह वास्तव में किसी एक या अधिक विषयों की परीक्षा में बैठा हो।

टिप्पणी 4—उम्मीदवार के परीक्षा में उपस्थित होने को उनके द्वारा लिया गया एक अवसर गिना जाएगा चाहे वह परीक्षा हेतु अयोग्य ठहरा दिया जाए/उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाए।

6. (क) इस परीक्षा में प्रवेश के लिए यह आवश्यक है कि उम्मीदवार की आयु 1 जनवरी, 1988 को पूरे 18 वर्ष की हो गई हो किन्तु उसकी आयु पूरे 25 वर्ष न हुई हो, अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1963 से पहले और 1 जनवरी, 1970 के बाद का हो।

(ख) उन व्यक्तियों के सम्बन्ध में ऊपरी आयु सीमा में 35 वर्ष की आयु तक छूट दी जा सकती है जो संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों अथवा निर्वाचन आयोग तथा केन्द्रीय सतर्कता आयोग और लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय के अधीन व्यक्तियों सहित, भारत सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में आशुलिपिक (जिनमें भाषा आशुलिपिक भी शामिल हैं), लिपिक/आशुटंककों के पदों पर नियमित रूप से नियुक्त हैं और 1 जनवरी, 1988 को जिन्होंने आशुलिपिक (भाषा आशुलिपिक समेत) लिपिकों/आशुटंककों के रूप में कम से कम तीन वर्ष निरन्तर सेवा की तथा उक्त पदों पर अभी तक काम कर रहे हैं।

परन्तु उपर्युक्त आयु सम्बन्धी छूट उन व्यक्तियों को नहीं दी जायेगी जो संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पहले ली गई परीक्षाओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी में आशुलिपिकों के रूप में नियुक्त किए जा चुके हैं।

(1) केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-ग, या

(2) रेल बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-ग, या

(3) भारतीय विदेश सेवा (ख) आशुलिपिक संवर्ग का ग्रेड-का ग्रेड (II) या

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड-ग।

टिप्पणी 1—डाक व तार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में नियुक्त रेल डाक छटाईकारों द्वारा की गई सेवा उपर्युक्त नियम 6 (ग) के प्रयोजन के लिए लिपिक के ग्रेड में दी गई सेवा मानी जाएगी।

टिप्पणी 2—रक्षा प्रतिष्ठानों में नियुक्ति सेवा लिपिकों द्वारा की गई या उपर्युक्त नियम 6 (ख) के प्रयोजन के लिए नहीं गिनी जाएगी।

(ग) ऊपर बताई गई अधिकतम आयु-सीमा में निम्नलिखित मामलों में और ढील दी जा सकेगी :—

(1) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक।

(3) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जनजाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक।

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से वास्तविक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और 1 अक्तूबर 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का हो और श्रीलंका से वास्तविक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत-श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(6) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा, या संयुक्त गणराज्य तंजानिया भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथियोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक।

(7) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य तंजानिया, (भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) से भारत मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति भी है या जाम्बिया, मलावी जेरे तथा इथियोपिया का भारत मूल का प्रत्यावर्तित व्यक्ति है तो अधिकतम आठ वर्ष तक।

(8) यदि उम्मीदवार बर्मा से वास्तविक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक।

(9) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या जनजाति का हो और बर्मा से वास्तविक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक ।

(10) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किए गए रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक तीन वर्ष तक ।

(11) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाई के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के हों, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक ।

(12) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय पारपत्र हो) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण-पत्र है और जो वियतनाम से जुलाई, 1978 से पहले भारत नहीं आया है तो उसके लिए अधिक से अधिक तीन वर्ष ।

(13) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है तथा भारत मूल का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति (भारतीय पारपत्रधारी) है तथा साथ ही वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी आपातकाल प्रमाण-पत्र रखने वाला, ऐसा उम्मीदवार है जो वियतनाम से जुलाई 1975 के बाद आया है तो अधिकतम आठ वर्ष तक ।

(14) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकलीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने पहली जनवरी, 1988 को कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और (i) जो कदाचार या अक्षमता या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या (ii) सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (iii) अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं। (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल पहली जनवरी, 1988 से छः महीने के अन्दर पूरा होना है) उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक ।

(15) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने पहली जनवरी, 1988 को कम से कम पांच वर्ष की सैनिक सेवा की है और (1) जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या (2) सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या (3) अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं, जिनका कार्यकाल पहली, जनवरी, 1988 से छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) तथा जो अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के हैं उनके मामले में अधिक से अधिक दस वर्ष तक ।

(16) आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त उन अधिकारियों के मामले में जिन्होंने पहली जनवरी, 1988 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारम्भिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 5 वर्ष ।

(17) अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जनजाति के ऐसे आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त उन अधिकारियों के मामले में जिन्होंने पहली जनवरी 1988 को सैनिक सेवा के 5 वर्ष की सेवा की प्रारम्भिक अवधि पूरी कर ली है और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष से आगे भी बढ़ाया गया है तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय एक प्रमाण-पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोजगार के लिए आवेदन कर सकते हैं और चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यभार से मुक्त किया जाएगा, अधिकतम 10 वर्ष ।

(18) यदि कोई उम्मीदवार तत्कालीन पश्चिमी पाकिस्तान से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है और भारत में 1 जनवरी, 1971 तथा 31 मार्च, 1973 के बीच की अवधि के दौरान प्रव्रजन कर आया था तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक।

(19) यदि कोई उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और तत्कालीन पश्चिमी पाकिस्तान से वास्तविक विस्थापित व्यक्ति है और भारत में 1 जनवरी, 1971 से तथा 31 मार्च, 1973 के बीच की अवधि के दौरान प्रव्रजन कर आया था तो अधिक तीन वर्ष तक।

(20) यदि कोई उम्मीदवार 1 जनवरी, 1980 से 15 जनजाति का है और तत्कालीन पश्चिमी पाकिस्तान असम राज्य में रहा है तो उसके लिए अधिक से अधिक 6 वर्ष तक।

(21) यदि कोई उम्मीदवार जो अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का हो और 1 जनवरी, 1980

से 15 अगस्त, 1985 तक सामान्यतः असम राज्य में रह रहा है, उसके लिए अधिक से अधिक 11 वर्ष तक।

टिप्पणी :—भूतपूर्व सैनिक, जो भूतपूर्व सैनिकों को पुनर्नियोजन के लिए दी जाने वाली सुविधाएं प्राप्त करके पहले से ही सिविल क्षेत्र में सरकारी सेवा में कार्यरत हैं वे उपर्युक्त नियमावली के नियम 6 (ग) (xiv) और 6 (ग) (xv) के अधीन आयु सीमा में छूट पाने के पात्र नहीं हैं।

उपर्युक्त व्यवस्था को छोड़कर अन्य किसी भी अवस्था में आयु सीमा में छूट नहीं दी जाएगी।

ऊपर दी गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती।

